## खबर संक्षेप

### रेलवे महाप्रबंधक ने कटनी पहुंचकर किया निरीक्षण

**कटनी।** शुक्रवार को पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक ने बीते दिनों एनकेजे क्षेत्र में मालगाड़ी के 4 डिब्बों के बेपटरी होने की घटना स्थल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जबलपुर मंडल के एडीआरएम आनंद कुमार और रेलवे बोर्ड द्वारा गठित विशेष जांच समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हादसे के तकनीकी कारणों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कर रिपोर्ट सौंपी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। एडीआरएम आनंद कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि महाप्रबंधक का यह दौरा वैसे तो नियमित निरीक्षण का हिस्सा था, लेकिन उन्होंने विशेष प्राथमिकता के साथ मालगाड़ी हादसे वाले स्थल का जायजा लिया। वर्तमान में हादसे की जांच एसएसई स्तर पर की जा रही है। वास्तविक कारणों का खुलासा पूरी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। हादसे के तुरंत बाद युद्धस्तर पर किए गए मरम्मत कार्यों के चलते रेलवे ट्रैक को पहले ही बहाल कर दिया गया था।

### बका लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

**कटनी।** एन.के.जे. पुलिस ने एक युवक को बका लेकर घूमते गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एन.के.जे. पुलिस को सूचना मिली थी कि जुहला नहर के पास लभेर के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति किसी धारदार हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। वहाँ जितेन्द्र तिवारी 36 वर्ष निवासी देवराखुर्द को संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पुलिस ने जब आरोपी जितेन्द्र की तलाशी ली तो उसके पास से लोहे का 'बका' बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### संस्थानों में बाल श्रम नहीं कराने हेतु रैली निकाल किया जागरूक

**कटनी।** जिले में बाल श्रम के विरूद्ध जनजागरण अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र बरगवां में रैली निकाली गई। साथ ही पंपलेट, ब्रोसर एवं स्पीकर के माध्यम से सभी संस्थानों एवं नागरिकों को बाल श्रम न कराने हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। रैली में श्रम पदाधिकारी के.बी. मिश्रा द्वारा बाल श्रम अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिनियम के प्रावधानों अनुसार किसी भी संस्थान में बाल श्रम नियोजित किये जाने की स्थिति में नियोजक को 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास एवं रूपये 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। किसी भी संस्थान एवं उद्योग में 14 वर्ष या उससे कम की आयु के बालकों का नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही 14 वर्ष से 18 वर्ष के कुमार श्रमिकों का नियोजन खतरनाक श्रेणी के उद्योगों में पूर्णः प्रतिबंधित है। रैली में श्रम पदाधिकारी के. बी. मिश्रा, श्रम निरीक्षक रमाकांत लोधी, लक्ष्मीकांत पटेल, मनोज कुमार यादव, विशेष पुलिस ईकाई की ओर से देवकी नंदन परौहा, जन साहस संस्था से मुकेश द्विवेदी एवं विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मां कर्मा जयंती मनाने एवं शोभायात्रा निकालने बैठक में बनाई रूपरेखा

**सिलौंडी।** सकल साहू समाज सिलोंडी एवं नेगाई में माता कर्मा के जन्म-महोत्सव के उपलक्ष्य में 15 मार्च को शिव मंदिर झंडा चौक से नेगई निकलने वाली शोभायात्रा के संबंध में बैठक संपन्न की गई। बैठक में शोभायात्रा की रूपरेखा पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व मंत्री रविशंकर साहू की विशेष मौजूदगी रही। समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान करने पर चर्चा हुई। इस दौरान वरिष्ठ युवा की विशेष मौजूदगी रही है।

## कलेक्टर ने गैस संचालकों की बैठक में दिए होम डिलीवरी और ई-केवाईसी कराने के निर्देश

# अजीब कशमकश : गैस एजेंसियों में उपभोक्ताओं की भीड़ प्रशासन का दावा जिले में घरेलू गैस की नहीं है कोई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रसोई गैस के लिए गैस एजेंसियों में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है। सिलेण्डर के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ रही है बावजूद इसके कई उपभोक्ताओं को निराश ही लौटना पड़ रहा है। जिले में गैस सिलेण्डरों की कमी की चर्चाएं आम हो गई है। तमाम तरह की अफवाहों एवं उपभोक्ताओं की परेशानियों को दूर करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को गैस संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, अतः नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।



कलेक्टर श्री तिवारी ने गैस संचालकों को निर्देशित किया कि गैस एजेंसियां ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर ही सिलेंडरों की सप्लाई सुनिश्चित करें। एजेंसी या गोदाम के बाहर भीड़ जमा करने के बजाय हितग्राहियों को उनके घर पर ही होम डिलीवरी की सुविधा दी जाए। डिलीवरी के समय उपभोक्ताओं से ओटीपी अनिवार्य रूप से लें। साथ ही, उन्होंने संचालकों को उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि न वसूलने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पष्ट किया है कि सभी गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही, एजेंसी संचालकों और उनके कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि वे उपभोक्ताओं के साथ सद्भावनापूर्ण व्यवहार करें। बैठक में यह भी तय किया गया कि गैस सिलेंडर की बुकिंग ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन और शहरी क्षेत्रों में 25 दिन के अंतराल पर ही की जा सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि यदि कहीं भी एलपीजी का अवैध स्टॉक मिलता है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग केवल अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों में ही किया जा सकेगा, अन्य निजी प्रतिष्ठानों को गैस सिलेण्डर का प्रदाय नहीं किया जाय।

बैठक में ऑयल कंपनी की नोडल अधिकारी श्रीमती रेनू वर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एस. परिहार सहित, सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष कुमार शुक्ल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने कहा अफवाहों पर न दें ध्यान

जिले में घरेलू रसोई गैस की कोई कमीं नहीं है और उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। जिला प्रशासन एलपीजी गैस सहित अन्य ईंधनों के परिवहन, भंडारण और वितरण के प्रति पूरी तरह से सतर्क और चौकस है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को एलपीजी सहित अन्य ईंधन के परिवहन, भंडारण और वितरण व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने गैस एजेंसियों के प्रतिदिन के स्टाक जांच और गैस सिलेंडर वितरण कार्य की निगरानी करने अधिकारियों को निर्देशित किया है। अफसरों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे सूचना तंत्र को पुख्ता और मजबूत कर सुनिश्चित करें कि अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी की कोई भी घटना नही हो।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में घरेलू गैस वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था को और मजबूत करने कहा है। साथ ही गैस एजेंसियों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे इससे जुड़ी कंपनियों को भी सर्वर आदि की क्षमता बढ़ाने को कहें ताकि रिफिल बुकिंग ,ओटीपी जनरेशन और वितरण बिना किसी असुविधा के सुनिश्चित किया जा सके। जिले में रसोई गैस वितरण की पारदर्शी व्यवस्था है , गैस सिलेंडर की 2 बुकिंग के बीच में 25 दिवस का अंतर होना चाहिए। यह अवधि पहले 21 दिन की थी, उसमें अब मात्र 4 दिन बढाकर 25 दिन की गई है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने आम जनता से आग्रह किया है कि रसोई गैस सहित अन्य ईंधन का जिले में भरपूर और पर्याप्त स्टाक है।गलत सूचनाओं के कारण घरेलू गैस की कमी की अफवाह पर ध्यान न देवें।

### किसानों के खातों में 34 करोड़ की राशि अंतरित

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 1 लाख 71 हजार 419 पंजीकृत किसानों को 22वीं किस्त के तौर पर 34 करोड़ 28 लाख 38 हजार रुपये की राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर जिले में ₹पीएम किसान उत्सव दिवस₹ मनाया गया तथा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर सहित जिले की ग्राम पंचायतों में किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न तहसीलों से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा योजना के तहत प्राप्त राशि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री के प्रति आभार एवं साधुवाद प्रकट किया। किसानों ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता से बीज, खाद, कीटनाशक एवं अन्य कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने में मदद मिलती है, जिससे खेती की तैयारी समय पर हो पाती है और उत्पादन बढ़ाने में भी सहयोग मिलता है। यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है।

## रैली निकालकर जताया विरोध, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में गहराया आक्रोश, हजारों शिक्षकों ने घेरा कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शुक्रवार को शासकीय शिक्षक संगठन के नेतृत्व में शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) के विरोध में हजारों की तादाद में शिक्षकों ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कटनी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के पूर्व सभा को संबोधित करते हुए शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि वर्ष 1998 से अभी तक शिक्षकों की जो नियुक्तियां हुई हैं वो समय समय पर शासन द्वारा निर्धारित किए गए मानकों के तहत हुई हैं, और ये सभी शिक्षक समय समय पर अपडेट होते रहे हैं फिर अचानक संचालक लोकशिक्षण द्वारा यह विवादित



आदेश वह भी थी होली के ठीक एक दिन पहले निकाल कर शिक्षकों के घर मे त्यौहार के समय मातम फैलाने वाला साबित हुआ है।

संगठन ने अपील की है कि मध्यप्रदेश सरकार इस आदेश को तत्काल निरस्त करे और माननीय सर्वोच्च न्यायालय में शिक्षक हित में पुनर्विचार याचिका दायर करे। ज्ञापन लेने के लिए उपस्थित हुई डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे ने तत्काल ज्ञापन शासन को प्रेषित किया।

उक्त ज्ञापन कार्यक्रम समर्थन में राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय मंत्री रजनीश विश्वकर्मा, संजय अग्रवाल, लकी ग्रोवर, प्रांतीय शिक्षक संघ के देवेंद्र तिवारी, राज्य शिक्षक कांग्रेस के राकेश रंजन परोहा, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के सुशील दुबे, शैलेन्द्र सिंह बघेल सहित शासकीय शिक्षक संगठन के नेतृत्व कर्ता रजनीश तिवारी, अरुण सिंह परिहार, शैलेंद्र खम्परिया, अनिल परोहा, मनीष सोनी, अनीता यादव, माधुरी तिवारी, स्वाती नायक, सपना चतुर्वेदी, दीपा सिंह , अनुपमा चौबे, सोनिकर तिवारी, दुर्गा विश्वकर्मा, चंद्रशेखर जायसवाल, संदीप मिश्रा, महेंद्र बागरी, अनूप तिवारी, अवधेश पांडे,अरुण दुबे, गंगाराम पटेल, कृष्णकुमार द्विवेदी, आशीष चौरसिया, दीपक नामदेव, अनूप श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिले के समस्त विकासखण्डों से हजारों शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी



विकासखंड बड़वारा में उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा में प्रस्फुटन समितियां का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विकासखंड समन्वयक बड़वारा नंदिनी वाटिया के द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा, स्वैच्छिकता, स्वावलंबन एवम् सामूहिकता के साथ प्रस्फुटन कार्य योजना और उसके अंतर्गत किए जाने वाले कार्य योजनाओ की जानकारी एवं दस्तावेजीकरण रख रखाव को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। द्वितीय सत्र में नवांकुर संस्था अंचला ग्राम विकास समिति धनवारा से रघुवीर सिंह के द्वारा जैविक खाद जैविक कृषि एवं गैर कीटनाशक दवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात तृतीय चरण में समाजसेवी विनय कुमार नागवंशी द्वारा समग्र ग्राम विकास की अवधारणा को चरणबद्ध तरीके से बताया गया। तदुपरांत शासन की वित्तीय साक्षरता एवं बैंकों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी बताई गई। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं में ग्राम वासियों से व प्रस्फुटन समितियों से जीवन ज्योति बीमा, दुर्घटना बीमा, सुरक्षा बीमा, सुकन्या, योजना अटल पेंशन योजना और गरीब तबके के लोगों को खाता खुलवाने के लिए सहयोग करने अपील की गई।

# जिले की 2.38 लाख से अधिक बहनों के खातों में 35 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 38 हजार 939 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 34वीं किस्त के तौर पर 35 करोड़ 3 लाख 78 हजार 300 रूपये की राशि का अंतरण किया।जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय आयोजन के प्रसारण को लाड़ली बहनों ने देखा और सुना। इस दौरान सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 326 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 78 लाख 83 हजार 400 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 91 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 87 लाख 97 हजार 300 रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 148 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 44 लाख 86 हजार 200 रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 688 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 4 लाख 24 हजार 600 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 766 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड़ 78 लाख 69 हजार 600 रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 34 हजार 814 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 12 लाख 1 हजार 400 रूपये अंतरित किये। नगर निगम कटनी की 28 हजार 66 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 8 लाख 93 हजार 800 रूपये, नगर परिषद बरही की 2 हजार 297 पात्र महिलाओं के खाते में 33 लाख 80 हजार 700 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 266 पात्र महिलाओं के खाते में 32 लाख 76 हजार रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 477 पात्र महिलाओं के खाते में 21 लाख 65 हजार 300 रूपये अंतरित किये गए।

### महिलाओं को दिया जा रहा कौशल विकास प्रशिक्षण

**कटनी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा कैमोर में जल प्रदाय परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। परियोजना में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 15 दिवसीय कौशल तकनीकी कार्य एवं मीटर रीडिंग संबंधी कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल प्रदाय प्रणाली से संबंधित तकनीकी कार्य, मीटर रीडिंग, संचालन एवं रख-रखाव से जुड़े आवश्यक व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए प्रशिक्षण गतिविधियों में रुचिपूर्वक सहभागिता सुनिश्चित की। शिविर का समन्वय सामुदायिक विकास अधिकारी सुश्री अपराजिता मिश्रा कर रही है। प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय स्तर पर तकनीकी दक्षता बढ़ाने एवं महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

# सीएम के बरही प्रवास की तैयारियां पूर्ण, विधायक और कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शनिवार 14 मार्च को प्रस्तावित बरही प्रवास के मद्देनजर तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक और कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को बरही पहुंचकर कार्यक्रम स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी राकेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल और एसडीएम विवेक गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक और कलेक्टर ने श्री विजयनाथ धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले कृषि सम्मेलन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने पुलिस, जिला प्रशासन और अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभा स्थल में पूरी गंभीरता के साथ सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने मंचीय व्यवस्था,



बैठक दीर्घा और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी स्टालों का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही परिसर में बनाए गए हेलीपैड स्थल का जायजा लिया गया। इसके पश्चात 'आभार रैली रोड-शो' के रूट का भौतिक सत्यापन किया गया। यह रोड-शो बड़ा तालाब से शुरू होकर सुभाष चौक, अमन बुक डिपो और कमानिया गेट से होते हुए विजयनाथ धाम मंदिर पहुंचेगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने इस दौरान यातायात व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद कलेक्टर ने बरही के बड़ा तालाब पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान बरही के बड़ा तालाब में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ भी करेंगे।

## एसडीएम ने मैदानी कर्मियों को बैठक लेकर दिए निर्देश

# मकान सूचीकरण का कार्य तीन दिन में करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनगणना वर्ष 2027 के प्रथम चरण की तैयारी प्रशासनिक गलियारों में शुरू हो गई है। एसडीएम राकेश चौरसिया ने जनपद पंचायत के सभागार में जनगणना वर्ष 2027 के प्रथम चरण प्रक्रिया शुरू करने के उद्देश्य से मैदानी कर्मियों की मैराथन बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मैदानी कर्मियों को निर्देश दिए कि जन गणना के प्रथम चरण में मकानों की सूची करण का तत्काल शुरू करते हुए तीन दिवस के भीतर करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात उन्होंने बताया कि जन गणना के कार्य के लिए शिक्षकों को प्रगणक बनाया जाएगा। एक प्रगणक एक ग्राम में सर्वे कार्य करेगा और 700 की



आबादी पर एक प्रगणक घर घर जाकर भौतिक सत्यापन कर मोबाइल ऐप पर सेंसस मांनटिरिग एंड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल डेटा संकलन का कार्य करेंगे। इसके अलावा उन्होंने जन गणना से संबंधित अन्य जानकारी विस्तार से देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की इस कार्य में किसी तरह कोई लापरवाही बरती गई तो संबंधित पर सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाएगा।

जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित बैठक में तहसीलदार आशीष अग्रवाल, सीईओ अभिषेक कुमार, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, पंचायत इंस्पेक्टर मोहन सिंह, पीसीओ, एडीओ सभी पंचायतों सचिव, रोजगार सहायक एवं हल्का पटवारी मौजूद रहे। विकासखण्ड क्षेत्र में बुधवार को जनगणना कार्य के लिए गुरुवार को दो चरणों में बैठक आयोजित की गई थी। पहली बैठक जनपद पंचायत के सभागार में जिसमें विकासखण्ड क्षेत्र की 54 ग्राम पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक, पटवारी तथा स्लीमनाबाद तहसील कार्यालय में आयोजित बैठक में 25 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक एवं हल्का पटवारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जनगणना के दौरान नागरिकों से कुल 33 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें मकान सूची करण के तहत घर के संबंध में सात सवाल शामिल हैं, जैसे मकान नंबर, फर्श, दीवार और छत की सामग्री, उपयोग और स्थिति। पेयजल, प्रकाश, शौचालय, रसोईघर और परिवार की संख्या, मुखिया का नाम आदि।

# न बजेगी शहनाई, न होंगे मांगलिक कार्य, आज से प्रारंभ होगा खरमास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सनातन कैलेंडर के अनुसार 15 मार्च से खरमास का आगाज हो जायेगा। इसके चलते फिर एक माह तक विवाह व अन्य शुभकार्य नहीं होंगे।इस दौरान विवाह,सगाई,यज्ञ, गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य नही होंगे। एक माह बाद जाकर 14 अप्रैल को खरमास का समापन होगा तब जाकर शुभ मांगलिक कार्य शुरू होंगे। अप्रेल से जुलाई तक रहेगी शादियों की धूम -खरमास के खत्म होते ही खुशियों का सीजन फिर से लौटेगा। 15 अप्रेल से शहनाईया बजनी शुरू हो जायेंगी।

15 अप्रैल से 12 जुलाई के बीच कुल 29 जबरदस्त मुहूर्त निकल रहे हैं। 12 जुलाई के बाद 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु चार महीने के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं, जिसे चतुर्मास कहते हैं। इसके बाद सीधे 20 नवंबर (देवउठनी एकादशी) से ही दुबारा मांगलिक कार्य शुरू होंगे।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि जब भी हम कोई मांगलिक कार्य करते है तो उसके फलित होने के लिए गुरु का प्रबल होना जरूरी है।धनु एवम मीन बृहस्पति ग्रह की राशियां है। खरमास के समय सूर्य इन दोनो राशियों पर होते है,इसलिए शुभ कार्य नही होते।वर्ष भर में दो खरमास लगता है।एक खरमास मध्य मार्च से मध्य अप्रैल के बीच और दूसरा खरमास मध्य दिसंबर से मध्य जनवरी तक होता है। इस समय सूर्य की उपासना करने का विशेष महत्व माना जाता है।खासतौर पर जिनकी कुंडली मे सूर्य की कमजोर स्थिति हो उन्हें खरमास के दौरान सूर्य उपासना करनी चाहिए। शास्त्रों में खरमास का महीना शुभ नहीं माना गया है।इस अवधि में मांगलिक कार्य करना प्रतिबंधित है।

15 मार्च 2026 से 14 अप्रैल 2026तक सूर्य, मीन राशि में होंगे। इसे मीन मलमास कहा जाता है। इस एक महीने की अवधि में शुभ संस्कार नहीं किए जाएंगे। लेकिन चैत्र नवरात्र पर खरमास का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। 19 अप्रैल से चैत्र नवरात्र प्रारंभ होंगे।19 अप्रैल को कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की उपासना का पर्व शुरू हो जायेगा।नवरात्र की उपासना पर खरमास का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

## खबर संक्षेप

### वसूली कार्य में लापरवाही दो राजस्व कर्मी निलंबित

**कटनी।** निगम के बकाया करों की वसूली हेतु आयोजित होने वाले विशेष वसूली शिविर के दौरान वसूली कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के उल्लंघन का दोषी मानते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नगर निगम के दो सहायक राजस्व निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियमों के तहत जिन दो सहायक राजस्व निरीक्षकों पर निलंबन की कार्यवाही की है उनमें संतोष बिरहा एवं अजय निगम शामिल है। निलंबन अवधि में श्री बिरहा एवं श्री निगम का मुख्यालय जोन क्रमांक 1 बस स्टैंड ऑडिटोरियम नगर निगम कटनी निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### गंदगी फैलाने पर कार्यवाही, 6,300 रुपये का स्पॉट फाइन

**कटनी।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा नियमित सफाई कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर सख्ती भी बरती जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 5 एवं 6 के अंतर्गत आने वाले विश्राम बाबा वार्ड, जगमोहन दास वार्ड, रघुनाथ गंज वार्ड, ईश्वरीपुरा वार्ड, मीट मार्केट सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 6,300 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों के आसपास कचरा फैलाने तथा डस्टबिन की व्यवस्था न होने की स्थिति पाई गई, जिस पर निगम टीम द्वारा मौके पर ही कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित नागरिकों और व्यापारियों को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में डस्टबिन रखने तथा कचरे का निर्धारित स्थान पर ही निस्तारण करने की समझाइश दी गई।

### कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों की लगी ड्यूटी

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 14 मार्च को प्रस्तावित कटनी आगमन के मद्देनजर सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर उपखंड मजिस्ट्रेट, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही इन समस्त अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये गए हैं। जारी आदेश के अनुसार बड़ा तालाब बरही में जलगंगा संवर्धन कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि विजयनाथ मंदिर में दर्शन कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने का जिम्मा उपखंड मजिस्ट्रेट बहोरीबंद राकेश चौरसिया को दिया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन से प्रस्थान तक संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी उपखंड मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बरही आदित्य प्रकाश द्विवेदी और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ को दी गई है।

### अलग अलग स्थानों से देशी व कच्ची शराब जब्त

**कटनी।** स्लीमनाबाद एवं बड़वारा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अमोच में कीर्ति बाई यादव 45 वर्ष को पकड़कर 18 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। इसी तरह बड़वारा पुलिस ने ग्राम विलायत कला (ददरी मोहल्ला) में माया बाई 60 वर्ष के कब्जे से 05 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, केश लाल कोल 48 वर्ष के पास से 05 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की है। इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34ए के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बरही में आयोजित किसान सम्मेलन में आएंगे मुख्यमंत्री, विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# जिले को 243 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 14 मार्च को बरही में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम में जिले को 243.22 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 180.37 करोड़ रुपये के 62 विकास कार्यों का लोकार्पण और 62.85 करोड़ रुपये के 35 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विकासखंड विजयराघवगढ़ के अंतर्गत 1.57 करोड़ की लागत से बने 33/11 केव्ही उपकेंद्र डोकरिया, 0.35 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत टीकर, ग्राम सिमरिया, 0.69 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत झिरिया, ग्राम झिरिया, 0.74 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत गौरहा, ग्राम राखी पुरैनी, 0.33 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत जिजनौड़ी, ग्राम जिजनौड़ी, 0.32 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत जिजनौड़ी ग्राम जटवाराखुर्द, 0.31 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत अमुवारी ग्राम खिरवा नं 2, 38.02 करोड़ के कारीतलाई सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मुख्य भवन, विजयराघवगढ़ में 2.89 करोड़ के 3 ट्रेड आईटीआई भवन और 8.49 करोड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बरही का लोकार्पण करेंगे।

विकासखंड कटनी के अंतर्गत 0.58 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पौंसरा ग्राम जमोडीटोला, 0.60 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत गैतरा ग्राम भरौली, 0.61 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पिपरौध ग्राम घुघरा, 0.47 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत केवलारी, ग्राम बिछिया, 1.47 करोड़ के शासकीय हाई स्कूल भवन हिरवारा, 6.18 करोड़ के वाणिज्यिक कर कार्यालय कटनी के भवन, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र रैपुरा, 16.86 करोड़ के जिला चिकित्सालय कटनी में सीसीएचबी, 6.61 करोड़ के घंघरी कला से घंघरीखुर्द के मध्य अलोनी नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्च स्तरीय पुल, 64.19 करोड़ की लागत से बने बड़गांव करहिया गोदाना मोहास लालपुर पाली मार्ग का लोकार्पण करेंगे।

विकासखंड बहोरीबंद के अंतर्गत 0.44 करोड की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत केवलराहा ग्राम हाथीभार, 0.69 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत केवलराहा, 0.37 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत सिमरापटी ग्राम कजरवारा, 1.21 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पटोरी ग्राम पटोरी, 0.90 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पटोरी ग्राम मंगेला, 0.55 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पटोरी ग्राम रैपुरा, 1.06 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत सलैया प्यासी ग्राम सलैया प्यासी, 0.40 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत सिमरापटी ग्राम कजरवारा, 0.40 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पहरूआ ग्राम गुडीयापुरा, 0.36 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पहरूआ ग्राम सुनाई, 0.51 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत मोहनिया ग्राम रामपुर, 3.06 करोड़ के बरतरा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में 01 नग जी टाइप एवं 01 नग एच टाइप आवास गृहों का एवं विकासखंड रीठी में 0.80 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत धनौरा, 0.37 करोड़ के नवीन पंचायत भवन ग्राम पंचायत रैपुरा का लोकार्पण करेंगे।

विकासखंड बड़वारा के अंतर्गत 0.41 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत अमाड़ी ग्राम भदौरा, 0.46 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत भगनवारा, ग्राम भगनवारा, 0.59 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत भुड़सा ग्राम ठगुआ, 0.36 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत कछारी ग्राम झांपी, 0.52 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पनसोखर, 0.43 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत सुड्डी का लोकार्पण करेंगे।

विकासखंड ढीमरखेड़ा के अंतर्गत 1.09 करोड़ के लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत भूला, 0.47 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत भूला ग्राम चपोहला, 0.54 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत हरदी ग्राम डुंडी, 0.22 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत मढ़ाना ग्राम शिवराजपुर, 0.64 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत मंगेली ग्राम बिछिया, 0.55 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत बांध ग्राम तिलमन, 0.37 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत बरेली ग्राम रामपुर, 0.76 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत दादर सिहुड़ी, 0.27 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत देवरी मारवारी ग्राम खैरानी, 0.31 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत हरदी ग्राम गाडा, 1.08 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत हरदी, 0.88 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत बरहेटा ग्राम कुंसरी, 0.95 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत घुघरा, 1.31 करोड़ के ढीमरखेड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र परसेल, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र पहरूआ, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र कोठी, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र धरवारा, 0.45 करोड़ के 5 होम स्टे खितौली, 0.37 करोड़ के ग्राम पंचायत दादर सिहुड़ी के नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे।

### इन विकास कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विकासखंड विजयराघवगढ़ के अंतर्गत 3.48 करोड़ रूपये की लागत से 33/11 के खरखरी उपकेन्द्र व्ही, 14.46 करोड़ के शासकीय महाविद्यालय बरही में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण कार्य, 1.34 करोड़ के खलवारा बाजार में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य, 0.59 करोड़ के जीएचएसएस बरेहटा में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 0.59 करोड़ के भैंसवाही में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। बड़वारा के अंतर्गत 0.59 करोड़ के नदावन में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 0.59 करोड़ के सलैया सिहोरा में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 2.60 करोड़ के 100 सीटर केजीबीव्ही टाईप 3 छात्रावास भवन का निर्माण कार्य, 5.64 करोड़ के महाविद्यालय बड़वारा के प्रथम एवं द्वितीय तल में निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे।

### बरही में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 14 मार्च को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये एक ही छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार 14 मार्च को बरही के विजयनाथ धाम मेला प्रांगण में प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक जिलास्तरीय एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र, शासकीय नोडल आई.टी.आई कटनी तथा मध्यप्रदेश राज्य डे ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इस मेले में 9 कंपनियों द्वारा कुल 1700 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने रोजगार मेले के जिले की आई.टी.आई के प्रशिक्षण अधिकरियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपते हुए आदेश जारी किया है। शासकीय आईटीआई कटनी के प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार गर्ग और मुकेश कुमार तिवारी को मेला प्रभारी एवं रोजगार मेले की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। आईटीआई विजयराघवगढ़ के प्रशिक्षण अधिकारी विनोद सिंह, आईटीआई बरही के प्रशिक्षण अधिकारी अनुकरण जलोनहा और सरस्वती बैगा पंजीयन का कार्य करेंगे।

*ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमता वृद्ध हेतु सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन*

## प्रतिभागियों को योजनाओं एवं विषयों की दी जानकारी, प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमता वृद्धि हेतु सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन विकासखंड के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच रतन आदिवासी ,उप सरपंच कमलेश चौधरी, समाजसेवी केशव तोमर ,आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले और विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम लखन चौधरी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के प्रथम चरण में विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने परिषद की अवधारणा — स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन पर आधारित विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए परिषद की योजनाओं से उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया। तत्पश्चात द्वितीय चरण में वरिष्ठ समाजसेवी केशव तोमर ने *समग्र ग्राम विकास* विषय पर प्रशिक्षण देते हुए जानकारी दी कि

समग्र ग्राम विकास के लिए ग्राम पंचायत में बेसलाइन सर्वे कर ग्राम की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान कर आपसी सहयोग से उनके समाधान पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आप सभी को अपनी विरासत को जीवित बनाए रखने के लिए आगे आने की जरूरत है। समुदाय के बीच में काम करने के लिए समन्वय बनाकर काम करना जरूरी है।

स्वैच्छिक संगठनों के गठन एवं प्रबंधन विषय पर विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र द्वारा संस्था के पंजीयन, धारा 27-28, चालान एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। परामर्शदाता रामानुज पांडेय ने समितियों के दस्तावेजीकरण ने विस्तार से जानकारी देते हुए आवश्यक दस्तावेजों के संधारण एवं रखरखाव के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया साथ ही जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम (CMCLDP) की विशेषताओं से अवगत कराया।

## 20 लाख रूपये से निर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण



सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम पंचायत लालपुर नवीन पंचायत भवन जिससे लागत 20 लाख रुपया जो कि सांसद हिमाद्री सिंह की अनुशंसा पर स्वीकृत हुई थी ।उसका लोकार्पण बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ,सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम,सरपंच मीना मोहन बागरी ने फीता काटकर किया ।विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार से जुड़े छोटे बड़े उघोग लगाने में जिला व्यापार से जुड़कर अपनी कैरियर बनाने की अपील किया है ।इस दौरान ढीमरखेड़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी सरपंच अनिल सिंह बागरी ,सरपंच संकेत लोनी ,सरपंच रिया राहुल दुबे ,जनपद पंचायत सदस्य निरंजन खटीक , उपरपंच मुकेश पाल ,राहुल राय ,मंडल उपाध्यक्ष सोनू दुबे ,अरविंद तिवारी ,सदन तिवारी जनपद पंचायत सी ओ यजुवेंद्र कोरी ,चौकी प्रभारी अनिल पांडे,अमरेश राय ,धीरज जैन,सोहन बागरी,हरेंद्र सिंह बागरी,ग्राम पंचायत के लालपुर पंच ,कर्मचारी और आम जन रहें।

## पात्रता परीक्षा के खिलाफ शिक्षक करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश शासन द्वारा सेवानिवृत्ति की दहलीज पर खड़े अनुभवी शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा आयोजित करने के आदेश ने जिले के शिक्षक जगत में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। शासन के इस अव्यावहारिक एवं अप्राकृतिक निर्णय के विरुद्ध कटनी जिले के समस्त शिक्षक अपने परिजनों के साथ सड़कों पर उतरकर ऐतिहासिक प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं।

शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि जिन शिक्षकों ने अपने जीवन के 20 से 25 वर्ष शिक्षा विभाग को दिए हैं, उन्हें अब जुलाई-अगस्त माह में माइनस मार्किंग वाली उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सबसे विवादास्पद बिंदु यह है कि



परीक्षा में असफल होने की स्थिति में शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का प्रावधान किया गया है। मोर्चा का स्पष्ट कहना है कि शिक्षक परीक्षा से भयभीत नहीं है, लेकिन परीक्षा का स्वरूप तर्कपूर्ण और प्राकृतिक नियमों के अनुरूप होना चाहिए।

### बैठक में बनाएंगे रूपरेखा

आंदोलन की रणनीति तैयार करने के लिए आगामी 15 मार्च, रविवार को सिविल लाइन में जिले के समस्त शिक्षक संगठनों और पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में प्रदर्शन की निश्चित तिथि की घोषणा की जाएगी।गत दिवस आयोजित बैठक में शिक्षक कांग्रेस के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी जेपी हल्दकार, संजय मिश्रा, रमाशंकर तिवारी, इलियास अहमद, सुशील तिवारी, अजय सिंह, राजेश सराठे, संजय पांडे, नसीम खान और सोनू सरावगी ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई शिक्षकों के सम्मान और उनके भविष्य की सुरक्षा की है। जिले के कोने-कोने से शिक्षक इस आंदोलन में शामिल होकर शासन की दमनकारी नीतियों का विरोध करेंगे।

*कोर्ट में पेश नही होने पर हुई एकपक्षीय कार्रवाई, 15 दिन के लिए भेजा जेल*

## न्यायालय के आदेश के बाद भी कब्जा नहीं हटाने पर अतिक्रमणकर्ता को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्यायालय के आदेश के बावजूद अवैध कब्जा नहीं हटाने वाले अतिक्रमणकारी के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी के न्यायालय ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसे 15 दिन की सिविल जेल भेजने का आदेश दिया है। आदेश के बाद अतिक्रमणकारी को न्यायालय से ही पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी प्रमोद चतुर्वेदी ने तहसीलदार कटनी नगर के प्रस्ताव पर सुनवाई करते हुए रोशन विश्वकर्मा पिता नंदलाल विश्वकर्मा निवासी चांडक चौक, कटनी को 15 दिवस के लिए सिविल कारावास में भेजने का आदेश पारित किया।

प्रकरण में जगदीश स्वामी (जगन्नाथ स्वामी) मंदिर ट्रस्ट कमेटी कटनी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी निवासी दुबे कॉलोनी द्वारा तहसीलदार न्यायालय में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 250 के तहत कब्जा दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।सुनवाई के बाद तहसीलदार न्यायालय ने राजस्व प्रकरण क्रमांक 0019/अ-70/2023-24 में 21 मार्च 2024 को आदेश पारित कर ग्राम मुड़वारा स्थित भूमि खसरा नंबर 409, रकवा 0.081 हेक्टेयर के एक हिस्से पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने का निर्देश दिया था।

अतिक्रमणकारी द्वारा उक्त भूमि पर टीन शेड और कमरा बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया था।सभी अपीलें हुईं खारिजतहसीलदार के आदेश के खिलाफ अतिक्रमणकारी द्वारा दायर अपील को22 अप्रैल 2024 को एसडीएम न्यायालय कटनी ने निरस्त कर दिया।इसके बाद अपर आयुक्त जबलपुर संभाग ने भी 21 अगस्त 2024 को अपील खारिज कर दी।उच्च न्यायालय ने भी पालन कराने के दिए निर्देशमामले में दायर याचिका क्रमांक 7556/2025 में उच्च न्यायालय जबलपुर ने 11 मार्च 2025 को आदेश दिया कि यदि पूर्व आदेश पर कोई रोक नहीं है तो 90 दिनों के भीतर उसका पालन सुनिश्चित किया जाए।

### कोर्ट में नहीं हुआ हाजिर

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तहसीलदार कटनी नगर द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार नोटिस जारी किए गए। राजस्व निरीक्षक द्वारा कार्रवाई के दौरान आरोपी ने पेट्रोल से भरी बोतल दिखाकर स्वयं को आग लगाने की धमकी देकर शासकीय कार्यवाही में बाधा उत्पन्न की।नोटिस के बाद भी नहीं हुआ पेशएसडीएम न्यायालय द्वारा आरोपी के विरुद्ध जमानती वारंट जारी कर सूचना पत्र थाना कोतवाली के माध्यम से 11 फरवरी 2026 को विधिवत तामील कराया गया, लेकिन इसके बावजूद वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ।

न्यायालय ने म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 35(2) के तहत एकपक्षीय सुनवाई करते हुए पाया कि आरोपी ने न तो अवैध कब्जा हटाया और न ही कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत किया।इसके बाद धारा 250(8) के तहत रोशन विश्वकर्मा को 15 दिन की सिविल जेल भेजने का आदेश पारित किया गया और उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## लोक अदालत की अंतिम तैयारियों की निगमायुक्त ने की समीक्षा

# बकायादारों से संपर्क कर दें जानकारी, सभी काउंटरों में व्यवस्थाएं हो दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कटनी द्वारा शनिवार 14 मार्च को नगर के पांच स्थलों पर प्रातः 10 बजे से आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा अधिकारियों की बैठक लेकर अंतिम तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक अदालत के दौरान आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी काउंटरों की आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं।

निगमायुक्त ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से करदाताओं को बकाया करों में शासन द्वारा निर्धारित छूट का लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इसलिए



निगम का राजस्व अमला वार्डवार बकायेदारों की सूची अनुसार अधिक से अधिक नागरिकों, बकायेदारों से डोर टू डोर संपर्क कर इसकी जानकारी पहुंचाएं और उन्हें लोक अदालत के नजदीक काउंटर स्थल में उपस्थित होकर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराने के लिए प्रेरित करे।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक अदालत के दिन प्रत्येक काउंटर में बकायेदारों की सूची, आवश्यक दस्तावेज, रसीद पुस्तिका, पीओएस मशीन कम्प्यूटर एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाएं सहित नागरिकों की शंकाओं के समाधान हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि करदाताओं के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा सके और नागरिकों को सरल एवं सहज सेवाएं मिल सकें।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कहा कि लोक अदालत नागरिकों को राहत प्रदान करने का महत्वपूर्ण अवसर है, इसलिए सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लोक अदालत को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने करदाताओं से भी अपील की है कि वे छूट के इस सुनहरे अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने लंबित करों का निराकरण कराएं और नगर विकास में सहयोगी बनें।

### पांच स्थलों में आयोजन

नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर के पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाकर नागरिकों को बकाया वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर नियमानुसार संपत्ति कर एवं जलकर के अधिभार में शत-प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

निगमायुक्त तपस्या परिहार ने राजस्व विभाग के साथ ही जोन कार्यालयों में पदस्थ सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को शनिवार 14 मार्च निर्धारित समय के पूर्व उपस्थित होकर अधिक से अधिक करदाताओं को छूट का लाभ प्रदान करते हुए लक्ष्य अनुरूप वसूली कार्य कराने के निर्देश दिए जाकर आवश्यक व्यवस्था हेतु विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे है।

निगमायुक्त द्वारा लोक अदातल के दिन पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, जिला न्यायालय परिसर साहित नगर निगम कार्यालय एवं शिविर स्थलों मे पेजयल हेतु पानी के टैंकर, समस्त स्थलों में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये हैं।

### युवक की बेदम पिटाई से थम गई सांसें, किया दफन

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र में 28 वर्षीय युवक को रास्ते में रोककर बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने शव को जंगल किनारे गड्ढे में दबा दिया। जानकारी के अनुसार विरुहली निवासी 28 वर्षीय उन्हतर पारधी बुधवार शाम करीब 5 बजे अपनी पत्नी के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। इसी दौरान रीठी थाना क्षेत्र के इमलिया मोड़ के पास पहले से घात लगाए बैठे आधा दर्जन लोगों ने उसे रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने युवक की लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से जमकर पिटाई की। गंभीर रूप से घायल युवक मौके पर ही बेसुध हो गया। पति पर हमला होता देख उसकी पत्नी घबराकर वहां से भाग निकली। स्थानीय लोगों के मुताबिक हमलावर घायल युवक को अपने साथ बूढ़ा इमलिया के पास जंगल की ओर ले गए और वहां झाड़ियों के बीच गड्ढा खोदकर शव को दफन कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भगनवारा**
जनपद पंचायत, बड़वारा, जिला-कटनी(म0प्र0)

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए ग्राम पंचायत- भगनवारा जनपद पंचायत- बड़वारा जिला कटनी के लिए निम्नलिखित कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु पात्र विक्रेताओं/ सप्लायरों से सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1- | **निर्माण कार्य**- फेरी फेरल बन्ड निर्माण, मुक्ति धाम तार फेंसिंग, सी.सी.रोड निर्माण। |
| 2- | **निर्माण सामग्री**- रेत,सीमेंट,गिट्टी,लोहे के एंगल, चैनलिंक जाली, बोल्डर, ईंट, लोहा, दासा, मुरुम इत्यादि। |
| 3- | स्टेशनरी सामग्री। |
| 4- | इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, कम्प्यूटर,लैपटॉप,प्रिंटर एवम अन्य सामग्री। |

सरपंच - श्रीमति मुन्नी बाई असाटी (ग्राम पंचा. भगनवारा) सचिव (ग्राम पंचा. भगनवारा)

## खबर संक्षेप

### ज्ञापन सोमवार को

**दमोह।** दिव्यांगों की समस्याओं से संबंधित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सोमवार को सौंपा जाएगा। कर्मानिष्ठा विकलांग उत्थान एवं समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष हेमेंद्र रजक ने बताया कि दिव्यांगों को अनेक प्रकार की समस्याएं हो रही है इसके संबंध में एक आवेदन कलेक्टर दमोह के नाम दिया गया है। जिसमें सोमवार को दोपहर 11 बजे दिव्यांगों की समस्याओं संबंधित 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को सौंपा जाएगा सभी समिति के पदाधिकारी समय पर कलेक्टेªड परिसर दमोह में सोमवार को 11 उपस्थित होवे।

### शाहनगर में राज्य कर्मचारी ब्लॉक इकाई ने टी.ई.टी परीक्षा के विरोधस में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** शाहनगर (जिला पन्ना) में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (क्ड) को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्म्ज्) को अनिवार्य किए जाने के विरोध में दिया गया। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि हाल ही में मध्यप्रदेश सरकार ने शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने का नियम लागू किया है, जिसके विरोध में पूरे प्रदेश में शिक्षकों द्वारा प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पन्ना जिले के शाहनगर ब्लॉक में पदस्थ सभी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगें रखीं। शिक्षकों की प्रमुख मांग है कि अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश सरकार भी टीईटी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दायर करे, ताकि वर्षों से कार्यरत लाखों शिक्षकों के हितों का संरक्षण किया जा सके। शिक्षकों का कहना है कि 25 से 30 वर्षों तक सेवा देने के बाद वर्तमान समय में आयोजित हो रही परीक्षाओं का कठिनाई स्तर पहले की तुलना में अधिक है। साथ ही इन परीक्षाओं के पाठ्यक्रम में नई विषय-वस्तु भी जोड़ी गई है।

### नगर में बिगड़ रही यातायात व्यवस्था पुलिस का नहीं ध्यान

# ई-रिक्शा बेलगामः कहीं क्षमता से अधिक सवारी, तो कहीं नाबालिग दौड़ा रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा





नगर एवं क्षेत्र में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या अब यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। बिना ठोस नियम और प्रभावी निगरानी के कारण कई ई-रिक्शा चालक मनमानी पर उतर आए हैं। नतीजतन नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगातार जाम की स्थिति बन रही है और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर नगर और आसपास के क्षेत्रों में हालात सबसे अधिक खराब हैं। ई-रिक्शा को सस्ती और सुविधाजनक परिवहन सेवा के रूप में शुरू किया गया था, लेकिन अब यही व्यवस्था शहर की ट्रैफिक समस्या का एक बड़ा कारण बनती जा रही है। कई चालक नियमों को ताक पर रखकर ई-रिक्शा चला रहे हैं। कहीं वाहन में क्षमता से अधिक सवारी बैठाई जा रही है, तो कहीं नाबालिग चालक बेधड़क सड़कों पर ई-रिक्शा दौड़ाते नजर आ रहे हैं। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बढ़ रही है। नगर के कई प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में ई-रिक्शा चालक सवारियों के इंतजार में अपने वाहन सड़क के बीच या किनारे कहीं भी खड़े कर देते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और थोड़ी ही देर में वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। खासकर व्यस्त समय में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब स्कूल, कार्यालय और बाजार जाने वाले लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। पुलिस विभाग ने नगर के कई प्रमुख चौराहों पर लगने वाले हाथ ठेलों को हटाया है , ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके। लेकिन ई-रिक्शा चालकों की अनियंत्रित गतिविधियों के कारण इन प्रयासों का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। वाहन चालक भी ई-रिक्शा की इस मनमानी से परेशान हैं। कई बार अचानक रुकने या गलत दिशा से आने के कारण दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों अजय तिवारी माखन सिंह का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं देता, तो आने वाले समय में नगर की यातायात व्यवस्था और अधिक चरमरा सकती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ई-रिक्शा संचालन के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं, नाबालिग चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और निर्धारित स्थानों पर ही ई-रिक्शा खड़े करने की व्यवस्था लागू की जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित किया जाए और नियमित जांच अभियान चलाया जाए, तो नग में जाम की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। फिलहाल जरूरत इस बात की है कि पुलिस विभाग और प्रशासन मिलकर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालें, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## समयावधि में गैस एजेंसी से सिलेण्डर प्रदाय करने उड़नदस्ते दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के सुचारू वितरण को सुनिश्चित करने के लिए घरेलू गैस के अवैध अंतरण एवं व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाने के साथ-साथ गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील स्तर पर उडनदस्ते का गठन किया गया हैं। तहसील दमोह के लिए दो दल बनाए गए हैं। दमोह दल क्रमांक-1 में प्रभारी तहसीलदार रॉबिन जैन, वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक सी.एस. झा तथा संबंधित क्षेत्रीय थाना प्रभारी शामिल हैं। वहीं दमोह दल क्रमांक-2 में प्रभारी तहसीलदार प्रारूल जैन, सहकारिता निरीक्षक पूनम जैन, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पल्लवी जैन तथा संबंधित क्षेत्रीय थाना प्रभारी शामिल किए गए हैं। इसी प्रकार तहसील हटा में तहसीलदार आलोक जैन, सहकारिता निरीक्षक उमेश खटीक और संबंधित क्षेत्रीय थाना प्रभारी को उड़नदस्ता दल में शामिल किया गया है। तहसील पटेरा में तहसीलदार उमेश तिवारी, श्रम निरीक्षक पूजा अवस्थी तथा सहायक आपूर्ति अधिकारी राकेश कुमार कन्हौआ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहसील तेन्दूखेड़ा में तहसीलदार विवेक व्यास, सहकारिता निरीक्षक मनोज चौधरी तथा संबंधित थाना प्रभारी को दल में रखा गया है। वहीं तहसील जबेरा में तहसीलदार सोनम पांडेय, सहायक आपूर्ति अधिकारी आदित्य कुमार दाहिया और संबंधित क्षेत्रीय थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। तहसील पथरिया में नायब तहसीलदार वृन्देश पांडेय, वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक प्रमोद खरे तथा क्षेत्रीय थाना प्रभारी उड़नदस्ता दल में रहेंगे। इसी प्रकार तहसील बटियागढ़ में प्रभारी तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रिया कोष्टा तथा संबंधित थाना प्रभारी को दल में शामिल किया गया है। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया कि इन सभी उड़नदस्ता दलों के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो कार्रवाई की निगरानी करेंगे।

## जिला अस्पताल को प्राप्त हुआ राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणीकरण



**दमोह।** जिला चिकित्सालय में 19, 20 व 21 फरवरी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एन.क्यू.ए.एस का राष्ट्रीय स्तर का निरीक्षण हुआ था। जिसके परिणाम में जिला चिकित्सालय को 92.3 प्रतिशत के साथ क्वालिटी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। वर्ष 2022 में 12 विभागों को यह क्वालिटी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया था। यह हर 3 साल में होने वाले निरीक्षण उपरांत क्वालिटी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। इस बार 19 विभागों हेतु इस सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया गया था तथा सभी विभाग सफल रहे। अस्पताल के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जो जिला क्वालिटी एश्योरेंस सेल के प्रमुख हैं का विशेष रूप से धन्यवाद प्रेषित किया। जिन्होंने इंस्पेक्शन की तैयारी के दौरान इंस्पेक्शन के समय मार्गदर्शन उपलब्ध कराया। जिला अस्पताल के क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. अमित प्रकाश जैन द्वारा इस उपलब्धि का श्रेय सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल के कुशल नेतृत्व तथा उप क्वालिटी नोडल डॉ. मनीष संगतानी, डॉ राघवेंद्र चौधरी, आर. एम.ओ. डॉ. दिवाकर पटेल, डॉ. चक्रेश, अस्पताल उप-प्रबंधक डॉ सुरेन्द्र विक्रम सिंह तथा समस्त क्वालिटी नोडल, असिस्टेंट नोडल व समस्त स्टाफ को दिया गया।

## आदिनाथ जयंती पर श्री जी की शोभायात्रा निकाली



**तारादेही।** गुरुवार को ब्लॉक के ग्राम तारादेही में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव देश दुनिया के साथ तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम तारादेही में भी भक्तिमय उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर तारादेही के जैन मंदिर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई भगवान आदिनाथ जयंती महोत्सव चैत्र कृष्ण नवमी के अवसर पर गुरुवार को तारादेही ग्राम प्रातः बेला में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस अवसर पर विमानजी में श्रीजी को विराजित करके ग्राम का भ्रमण किया गया शोभा यात्रा में बैंड - बाजों के साथ जैन मंदिर से घर - घर जाकर भगवान का पूजन किया एवं ग्राम में भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोगों की मौजूदगी रही

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



### माननीय न्यायालय के आदेश से भेजा गया जेल

**पवई।** थाना पवई क्षेत्र की एक पीड़ित द्वारा दिनांक 09.03.2026 को थाना पवई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि एक व्यक्ति ने स्वयं को अविवाहित बताकर उससे शादी करने का झांसा दिया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 76/26 धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण महिला संबंधी गंभीर अपराध होने के कारण पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई तथा मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया।

### कल मनाया जाएगा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

**पन्ना।** प्रति वर्ष की भांति 15 मार्च को इस वर्ष भी विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर रविवार को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष पन्ना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरेन्द्र धुर्वे ने कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र से जुड़े समस्त उपभोक्ता संगठन के प्रतिनिधियों सहित जनप्रतिनिधिगण, आम उपभोक्ताओं, व्यापारी, अधिकारी-कर्मचारीगण तथा मीडिया प्रतिनिधियों से भी उपस्थित रहने की अपील की है।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 16 मार्च को

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी संभाग पन्ना द्वारा सोमवार, 16 मार्च को पन्ना शहर वितरण केन्द्र में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा सभी विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन तथा अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान कराने का आग्रह किया गया है।

## मार्च के महीने में ही अप्रैल जैसी गर्मी का अहसास, लोग परेशान

### दोपहर में घरों में कैद लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर एवं क्षेत्र में इस वर्ष मार्च माह की शुरुआत से ही तेज धूप और असहनीय गर्मी का प्रभाव है। आमतौर पर अप्रैल मई जून में महसूस होने वाली तपन का अनुभव इस बार मार्च के दूसरे सप्ताह में ही होने लगा है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक लोग आवश्यक कामों के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। नगर के कई नागरिकों ने भी असामान्य गर्मी को लेकर चिंता व्यक्त की है। नगर निवासी रत्नेश जैन ने बताया कि मार्च के महीने में इतनी तेज गर्मी पहले बहुत कम देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि दोपहर के समय सड़कें लगभग सूनी दिख रही हैं और लोग धूप से बचने के लिए घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं। इसी तरह गोविंद राय ने कहा कि सुबह से ही तेज धूप का असर दिखाई देने लगता है और दोपहर होते-होते गर्मी असहनीय हो जाती है। उनका कहना है कि पिछले कई वर्षों में इस तरह की गर्मी का अनुभव मार्च में कम ही हुआ है। कमल नारायण यादव का कहना है कि अचानक बढ़े तापमान के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह गर्मी अधिक कठिन साबित हो रही है। वहीं डॉक्टर राकेश नामदेव ने लोगों को सलाह दी है कि वे तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। उन्होंने कहा कि शरीर में पानी की कमी न हो इसके लिए अधिक से अधिक पानी, छाछ और तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। साथ ही दोपहर के समय सिर ढककर ही बाहर निकलना चाहिए। नगरवासियों का कहना है कि यदि इसी तरह तापमान में बढ़ोतरी जारी रही तो आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक परेशान कर सकती है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में आज जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। साथ ही उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी। नेशनल लोक अदालत हेतु नगरीय विकास विभाग, विद्युत विभाग, बैंकों एवं बी.एस.एन.एल. द्वारा वसूली से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है, जो मात्र नेशनल लोक अदालत हेतु प्रदान की जावेगी।

## जिला स्तरीय एक दिवसीय कबड्डी पारपंरिक खेल का आयोजन संपन्न

**दमोह।** भारत शासन की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (सीएससी) की बैठक 18 दिसम्बर 2025 में पारित प्रस्ताव अंतर्गत जिलो में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित किये जाने के निर्देशो के तहत जिला दमोह में स्थानीय पारंपरिक खेलों के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय कबड्डी पारपंरिक खेल का आयोजन 12 मार्च 2026 को प्रातः 10.00 बजे से इंडोर स्टेडियम दमोह में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत डॉ. मंजू देवलिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे जिला पंचायत दमोह के द्वारा किया गया। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में दमोह जिले की सभी सातो जनपद पंचायतो की टीमो एवं जिला पंचायत दमोह की टीम के द्वारा भाग लिया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जनपद पंचायत तेन्दूखेडा की टीम विजयी रही जिन्हे पुरूस्कार स्वरूप राशि 21000/- रूपये, ट्राफी, मेडल, प्रमाण पत्र एवं दूसरे स्थान पर जिला पंचायत दमोह की टीम उपविजेता रही जिन्हे पुरूस्कार स्वरूप राशि 11000/- रूपये, ट्राफी, मेडल, प्रमाण पत्र वितरण किये गये। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमो को सांत्वना स्वरूप राशि 1100/- रूपये एवं सभी खिलाडियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले एवं पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में जनपद पंचायत दमोह अध्यक्ष प्रीति ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत दमोह से वरिष्ठ लेखाधिकारी सौरभ सेलट, परियोजना अधिकारी पी.एस. पाण्डे, सहा. परि. अधि. प्रशांत सिंह ठाकुर, जिला समन्वय मनीष पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक निखिल पाठकार एवं जिला पंचायत दमोह की समस्त टीम उपस्थित रही।

### जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट परिसर में लागू किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा धारा 163 पारित करने संबंधी आदेश जारी किया है। न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के चारों तरफ आम जनता द्वारा एकत्रित होकर एवं नारेबाजी कर आवागमन बंद करने एवं शांति भंग करने के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ कार्यालयीन कार्य भी प्रभावित था। साथ ही कलेक्ट्रेट से लगा हुआ व्यवहार न्यायालय संचालित होने के कारण न्यायालयीन कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। लोकहित में जारी उक्तादेश कलेक्ट्रेट परिसर के आस-पास कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आगामी 2 माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का किया भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा





नगर के वार्ड क्रमांक 8 विद्यानगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास पंडित उमाशंकर शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का अत्यंत मार्मिक और सरल शैली में वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और विदर्भनंदिनी रुक्मिणी के पावन विवाह प्रसंग का विशेष रूप से वर्णन किया गया। व्यास जी ने बताया कि रुक्मिणी विवाह केवल एक प्रेम कथा नहीं, बल्कि परमात्मा के प्रति अटूट श्रद्धा, समर्पण और विश्वास का प्रतीक है। रुक्मिणी ने मन ही मन भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति स्वीकार कर लिया था और अपने दूत के माध्यम से उन्हें पत्र भेजकर अपनी भावना प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने भक्त की पुकार सुनते हुए रुक्मिणी का हरण कर उन्हें रथ में बिठाकर ले गए और देवताओं की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ उनका विवाह संपन्न हुआ। इस प्रसंग के माध्यम से व्यास जी ने बताया कि यदि भक्ति सच्चे मन से की जाए तो भगवान स्वयं अपने भक्तों की रक्षा के लिए सभी बाधाओं को पार कर लेते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अत्याचारी राजा कंस के वध अर्थात कंस मर्दन प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। व्यास जी ने बताया कि कंस के अत्याचारों से समस्त प्रजा भयभीत थी। भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा पहुंचकर कंस का वध किया और संसार को उसके अत्याचारों से मुक्त कराया। यह प्रसंग हमें यह शिक्षा देता है कि अधर्म और अत्याचार चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः धर्म और सत्य की ही विजय होती है। कथा स्थल पर इन प्रसंगों को जीवंत बनाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह की सुंदर धार्मिक झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकी के दर्शन करते ही पूरा पंडाल भक्ति और उत्साह से गूंज उठा। विवाह प्रसंग के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाकर वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया।

कथा के दौरान भजन-कीर्तन और संकीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे और भगवान के नाम का गुणगान किया। व्यास जी ने कहा कि मनुष्य के अनेक जन्मों के पुण्य फल से ही श्रीमद् भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धा भाव से भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह भागवत कथा स्वर्गीय पंडित सुरेश तिवारी शास्त्री की प्रथम पुण्यतिथि में 8 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित की गई है जिसमें लक्ष्मी तिवारी पंडित कृष्णकांत तिवारी, पंडित रमाकांत तिवारी गोपाल प्रसाद तिवारी ,पंडित रमेश तिवारी ,पंडित राजेश तिवारी की अहम भूमिका है। कथा के अंत में सभी श्रद्धालुओं से अपने जीवन में कम से कम एक नेक कार्य को पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ करने का संदेश दिया गया, जिससे व्यक्ति का जीवन सार्थक बन सके और समाज में भी सद्भाव एवं सकारात्मकता का प्रसार हो।

**खबर संक्षेप**

## राजमहल पैलेस के पास दो बाईकों की भिड़ंत में तीन घायल, सिविल अस्पताल में भर्ती

**हटा।** नगर के समीप राजमहल पैलेस के पास रनेह मार्ग पर शुक्रवार की शाम रनेह मार्ग पर तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है जिन्हें सूचना मिलते ही डायल 112 द्वारा तुरंत ही सिविल अस्पताल में लाया गया जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार विनोद पिता रतनलाल अहिरवार उम्र 45 वर्ष एवं गोरेलाल पिता हरजुआ अहिरवार उम्र 38 वर्ष दोनों निवासी भिड़ारी जो कि अपने गांव जा रहे थे वहीं सामने से आ रहे बलराम पिता गोपाल काछी उम्र 28 वर्ष निवासी विलाकला गांव की बाइक में भिड़ंत हो गई जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई जिस पर घायलों को सिविल अस्पताल हटा पहुंचाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## कलेक्टर अनिल राठौर ने किया पदभार ग्रहण



**दमोह।** कलेक्टर अनिल राठौर ने दमोह कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया है, आप 2020 बैच के आई.ए.एस अधिकारी है, ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर 13 मार्च से 22 मार्च 2026 तक अवकाश पर है।

### खेत में रखे 50 पाइप भी जले, अन्य किसानों की मदद से आग बुझाई गई

# अज्ञात कारणों से तीन किसानों की 6 एकड़ गेहूं की फसल में लगी आग, जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शुक्रवार शाम करीब 4 बजे तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 14 में अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई इस आगजनी में तीन किसानों की मेहनत की कमाई देखते ही देखते राख के ढेर में तब्दील हो गई। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया था, जिससे आसपास के अन्य किसानों में अफरा-तफरी मच गई।



### 6 एकड़ में लगी फसल जली

जानकारी के अनुसार, आग की लपटों ने किसान ओमकार साहू संतराम प्रजापति सुनील त्रिपाठी के खेतों को अपनी चपेट में लिया। इस आगजनी में तीनों किसानों की लगभग 6 एकड़ में लगी गेहूं की तैयार फसल पूरी तरह जल गई। अन्य किसानों एवं लोगों ने फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक फसल का बड़ा हिस्सा जल चुका था। आग आगजनी में किसान के खेत में रखे लगभग 50 पाइप और नोजल 6 नोजल भी आग की चपेट में आने से चलकर खाक हो गए।

### अन्य किसानों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

चौराई निवासी भागचंद साहू मालगुजार ने बताया कि अन्य खेतों पर मौजूद किसान अगर तत्परता नहीं दिखाते, तो आग आसपास के अन्य खेतों में भी फैल सकती थी लोगों के सामूहिक प्रयासों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया, जिससे अन्य किसानों की फसल सुरक्षित बच गई।

इस आगजनी में लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान तीनों किसानों को हुआ है जिन्होंने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द पटवारी द्वारा नुकसान का आकलन किया जा सके है, जिससे प्रभावित किसानों को राहत राशि मिल सके।

## आचार्य श्री विघासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र के अध्यक्ष बने संजय जैन



### दूसरे प्रत्याशी ने किया चुनाव का बहिष्कार, एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर में स्थित आचार्य श्री विघासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र में शुक्रवार को गौशाला अध्यक्ष के लिए चुनाव संपंन हुआ। इस चुनाव में दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिसमें संजय जैन पारसमणि विजय घोषित हुए। सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुए चुनाव में कुल 92 सदस्यों के द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जाना था दोपहर तीन बजे तक 63 मतदाताओं ने अपने मताधिकार प्रयोग किए। दोपहर 3.30 बजे चुनाव परिणाम घोषित किए गए जिसमें विजय जैन उर्फ पप्पू को 4 मत एवं संजय जैन को 58 मत प्राप्त हुए। 1 मत रिजेक्ट हो गया। अध्यक्ष के चुनाव के फार्म पूर्व में ही भरे गए थे। सुबह जैसे ही चुनाव प्रांरभ हुए विजय जैन अपने समर्थकों के साथ गौशाला पहुंचे और चुनाव का बहिष्कार किया साथ ही एसडीएम के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी को सौंपा हैं। जिसमें बताया गया हैं कि चुनाव नियम विरूद्ध हैं इसमें नियमों का पालन नहीं किया गया हैं। इसलिए इस चुनाव का बहिष्कार करते हैं। ज्ञात हो कि 13 फरवरी को गौशाला अध्यक्ष के चुनाव होना था लेकिन जैन महापंचायत के अध्यक्ष भागचंद जैन द्वारा जिला कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर आपर्ति दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद कलेक्टर ने संपूर्ण जांच एसडीएम को सौंपी थी एसडीएम के द्वारा चुनाव स्थगित कर दिया था साथ ही संपूर्ण मामले की जांच के बाद समस्त तथ्यों एवं नियमों के परीक्षण के आधार पर जैन महापंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत आपर्तियों को अस्वीकार करते हुए निर्वाचन प्रकिया का अस्थाई स्थगन से रोक हटा दी गई। जिसके बाद गौशाला के चुनाव 13 मार्च को संपंन हुए। चुनाव निर्वाचन अधिकारी सत्यम जैन ने बताया कि दोनों प्रत्याशियों को 13 मार्च को चुनाव कराने संबंधी सूचना भेजी गई थी। साथ ही एसडीएम, पुलिस विभाग में चुनाव को लेकर सूचना भेजी गई थी। संपूर्ण चुनाव की सीसीटीवी रिकार्डिंग की गई हैं चुनाव कराने में संपूर्ण नियमों का पालन किया गया हैं। मेरी संपूर्ण टीम ने चुनाव में हर नियम का पालन किया हैं। चुनाव के संपूर्ण समय पुलिस की मौजूदगी रही। चुनाव जीतने पर संजय जैन पारसमणि को बधाईयां दी गई साथ ही संजय जैन ने गौशाला में मौजूद गायों को गुड़ के लड्डू खिलाकर आशीर्वाद लिया। नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी ने बताया कि आवेदक विजय जैन ने आवेदन दिया हैं जिसमें चुनाव अमान्य एवं शून्य घोषित की बात कही हैं। एसडीएम बाहर हैं उनके आने पर ही आगे की कार्यवाही की जाएंगी।

## प्रांतीय आह्वान पर शिक्षक संगठन ने ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संघठन के प्रांतीय आह्वान पर टी.ई.टी. के विरोध में 13 मार्च 2026 को संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में शाम 4:30 पर माननीय मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर दमोह को ज्ञापन दिया गया। जिसमें दमोह के संयुक्त मोर्चा व शिक्षकों के समस्त संगठनों द्वारा सैकड़ों की संख्या में सम्मलित होकर असंवैधानिक प्रक्रिया को रुकवाने में सहभागी बनें। ज्ञापन में विशेष रूप मध्यप्रदेश शासन से अनुरोध किया गया है कि, अन्य राज्यों की तरह माननीय सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों की परीक्षा स्थगित करने हेतु याचिका दायर की जावे और मध्यप्रदेश के लाखों शिक्षकों के सम्मान में आगे आए क्योंकि कर्मचारियों में मात्र शिक्षक ही ऐसा कर्मचारी है जो शासन के अनेकों आदेशों पर सहज भाव तत्परता से कार्य करता फिर भी उसे अकुशल समझा जाना शिक्षक नहीं बल्कि भारत के समस्त गुरुजनों का अपमान है जिसे अब शिक्षक समुदाय सहन नहीं करेंगे आज से सैकड़ों वर्ष पहले चाणक्य ने कहा था कि, हे राजन शिक्षक की गोद में विकास और विनाश दोनों पलते हैं ये आपके ऊपर है कि आप क्या चाहते हैं उपरोक्त असंवैधानिक प्रक्रिया से समस्त शिक्षकों में रोष व्याप्त हैं अतः मध्यप्रदेश सरकार तत्काल निर्णय लेकर इस प्रक्रिया को रुकवाए जिससे भारत निर्माताओं का स्वाभिमान बना रहे।

## नाबार्ड मुख्य महाप्रबंधक को बताई बैंक की वित्तीय स्थिति

**दमोह।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या0 दमोह में नाबार्ड से पधारे श्रीमति सी. सरस्वती, मुख्य महाप्रबंधक एवं सलील झोकरकर उप महाप्रबंधक के आगमन पर बैंक द्वारा स्वागत किया गया। अपने बैंक की वित्तीय स्थिति से संबंधित अवगत कराने एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन बैंक के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमति सी. सरस्वती जी, उपमहाप्रबंधक सलील झोकरकर , नाबार्ड डीडीएम राजन तोंबरी, म.प्र. ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक जितेन्द्र कुमार तिवारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दमोह के महाप्रबंधक अभिषेक मोहन व्यास एवं बैंक के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। बैंक द्वारा नाबार्ड से पधारे अतिथिगण के स्वागत उपरांत बैंक की वित्तीय स्थिति से अतिथिगण को अवगत कराया गया एवं नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक द्वारा बैंक एवं समितियों को सदृढ़ बनाने के अधिक प्रयास एवं अधिक से अधिक सदस्य नवीन जोड़कर ऋण वितरण करने हेतु एवं उपमहाप्रबंधक द्वारा समय अनुसार बैंक में आवश्यक परिवर्तन कर ग्राहकों को अधिक जोड़ने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन बैंक को प्रदाय किये गये। इसके उपरांत बैंक परिसर में मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, उप महाप्रबंधक नाबार्ड, डीडीएम नाबार्ड, क्षेत्रीय प्रबंधक एम.पी.जी.बी., महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



# नरसिंहगढ़ में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का भव्य समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नरसिंहगढ़ स्थित औद्योगिक इकाई में 'राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह-2026' का समापन समारोह अत्यंत उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूनिट हेड श्री सुरेश दुबे और इकाई की वरिष्ठ नेतृत्व टीम की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### सुरक्षा एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीकाः यूनिट हेड

समारोह को संबोधित करते हुए यूनिट हेड सुरेश दुबे ने कर्मचारियों और अनुबंध श्रमिकों को इस वर्ष के विषय "सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए लोगों को शामिल करें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं" को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, ₹सुरक्षा सप्ताह केवल सात दिनों का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रतिबद्धता है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सुरक्षा के प्रति हमारा समर्पण हमारे दैनिक व्यवहार और कार्यशैली में पूरे वर्ष स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सुरक्षा प्रमुख श्री चिराग गजेरा के नेतृत्व में सप्ताह भर सुरक्षा जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को प्राप्त करना था। प्रमुख आयोजनों में व्यावहारिक प्रशिक्षणः हॉट वर्क सेफ्टी, अग्निशमन प्रदर्शन और आपातकालीन बचाव हेतु मॉक ड्रिल। जागरूकता सत्रः 'बिहेवियर बेस्ड सेफ्टी' पर फिल्म प्रदर्शन, ₹एक गलती₹ जागरूकता सत्र और PTW (परमिट टू वर्क) सिस्टम ट्रेनिंग। प्रतियोगिताएंः ऑनलाइन/ऑफलाइन क्विज़, पोस्टर मेकिंग (बच्चों के लिए), और पीपीई (PPE) पहनने की प्रतियोगिता। क्षेत्रीय सुधारः ज़ोन-वार हाउसकीपिंग अभियान और 'स्पॉट द हजार्ड' (खतरा पहचानो) प्रतियोगिता। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बच्चों के लिए आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से सुरक्षा का संदेश दिया।

समारोह का समापन एक विशाल 'सुरक्षा रैली' के साथ हुआ, जिसमें प्रबंधन, कर्मचारियों और अनुबंध कर्मियों ने एकजुट होकर सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ ली। यह रैली सामूहिक प्रतिबद्धता और एक मजबूत व सुरक्षित कार्य वातावरण के निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुई।

## एलपीजी सिलेंडर को लेकर घबराने की जरूरत नहीं, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध – कलेक्टर

कलेक्टर अनिल राठौर ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि एलपीजी सिलेंडर से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रशासन द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई है, जिसमें कई महत्वपूर्ण सुझाव और इनपुट प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर श्री राठौर ने कहा कि बैठक के दौरान सामने आई समस्याओं को प्रशासन गंभीरता से लेकर उनके समाधान की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। साथ ही राज्य स्तर पर भी इन समस्याओं को शीघ्र निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि लोग शासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होने बताया कि जहां-जहां एलपीजी सिलेंडर को लेकर समस्या की जानकारी मिल रही है, वहां तत्काल कार्रवाई कर उसका समाधान कराया जा रहा है। इसके लिए उड़नदस्ता और जांच दल का गठन भी किया गया है, जो लगातार निरीक्षण कर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जिले में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। आज कलेक्टर श्री राठौर ने पदभार ग्रहण उपरांत संबंधित जिला अधिकारियों और गैस एजेंसी के साथ बैठक कर समुचित दिशा निर्देश दिए।

## उन्मुक्त समाज सेवी संस्था को किया सम्मानित

**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दमोह के द्वारा वृद्धजन संवेदीकरण जागरूकता कार्यक्रम जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र में आयोजित किया गया जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही व नशामुक्ति के क्षेत्र में प्रचार प्रसार के रही सामाजिक संस्था उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाज सेवी संस्था को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मंच से सम्मानित किया गया, जिसमें समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी नितिन पटेल ने बताया कि यह संस्था लगभग आठ माह से नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य कर रही है जो दमोह के समस्त वार्डों में एवं तीन तहसील पथरिया, तेंदूखेड़ा, हटा के शहरी वार्ड में एवं दमोह ब्लाक के अनुमानित 60 से 70 ग्राम पंचायत में नशामुक्ति प्रचार प्रसार की टीम के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव गांव जाकर नशामुक्ति का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है यह कार्य बहुत सराहनीय है।

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीमति आवेदा वी पति श्री नाखिर खान वार्ड क्रमांक 12 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्रं 701 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/भवन क्र. 701 वार्ड क्रमांक 09 श्री जावेद खान पिता श्री जलील खान का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 13/03/26 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सुशीला गौड पता - ग्राम-तारखेडा बांसा जिला दमोह की स्थाई निवासी हूँ। मेरा आधार कार्ड न. 996524609086 है। मेरा सही नाम सुशीला गौड है जो मेरे आधार कार्ड और परिचय पत्र व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। मेरा पुत्र आर्मी नं. 428978 IN नायक राजेन्द्र सींग गौड ग्राम- मनका, पोस्ट ऑ. सुहेला दमोह, जिला-दमोह म.प्र. पिन नं. 470880 है। मेरे पुत्र के आर्मी के रिकार्ड मे मेरा नाम भूलवश सुशीला गौड के स्थान पर सुशीला बाई लिख गया है मेरा सही नाम सुशीला गौड है। अतः मेरा नाम सुधार कर सही किया जाये इस बावत् शपथ पत्र प्रस्तुत करती हूँ।

**शपथकर्ता**
**सुशीला गौड**

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका-1. श्रीमती कामनी/दशरथ ताम्रकार विजयरावधवगढ 2. श्रीमती अनामिका/राजेश ताम्रकार रीवा 3. श्रीमती सारिका/शिवहरें ताम्रकार बरही 4. श्रीमती प्रियंका/अजय ताम्रकार पटेरा 5. श्रीमती रुबी/मनीष ताम्रकार अमानगंज 6. श्रीमती नेहा/पंकज ताम्रकार बेगमगंज 7. श्रीमती मेघा/विपुल बर्मा कटनी आवेदकों द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र.-307 का हस्तातरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र.- 307 वार्ड क्रमांक 01 श्रीमती प्रेमरानी/पति स्व. श्री श्यामलाल ताम्रकार का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है । म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 13/03/26 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2026/2004 — हटा दिनांक 12.03.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त टेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयाविध एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_490009_1 13.03.2026 | गौरीशंकर वार्ड में रामगोपाल जी की तलैया के पास से भगवानदास विश्वकर्मा के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 16.01 लाख | 1-2000.00 2- 13000.00 | 13.04.2026 |
| 2 | 2026_UAD_490010_1 13.03.2026 | नवोदय वार्ड में केके तिवारी के मकान से नरेन्द्र सिंह यादव के मकान तक सी. सी. रोड एवं आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 20.68 लाख | 1-2000.00 2- 16000.00 | 13.04.2026 |
| 3 | 2026_UAD_490012_1 13.03.2026 | कमला नेहरू वार्ड में राय चौराहा से सेंट्रल बैंक के सामने तक सड़क चौड़ीकरण एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 13.97 लाख | 1-2000.00 2- 11000.00 | 13.04.2026 |
| 4 | 2026_UAD_490015_1 13.03.2026 | शास्त्री वार्ड में मुकेश पाठक के मकान से निर्मल शर्मा के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 12.12 लाख | 1-2000.00 2- 9100.00 | 13.04.2026 |
| 5 | 2026_UAD_490018_1 13.03.2026 | आजाद वार्ड में गुप्ता जी के मकान से जामा मस्जिद तक सी.सी. रोड एवं आर.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 21.47 लाख | 1-5000.00 2- 17000.00 | 13.04.2026 |
| 6 | 2026_UAD_490021_1 13.03.2026 | आजाद वार्ड में पटैरिया कॉम्पलेक्स से मंदिर मस्जिद चौराहा तक दोनो तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 12.74 लाख | 1-2000.00 2- 10000.00 | 13.04.2026 |
| 7 | 2026_UAD_490023_1 13.03.2026 | चंडी जी वार्ड में आदर्श से दामोदार कोष्ठी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 11.75 लाख | 1-2000.00 2- 8800.00 | 13.04.2026 |
| 8 | 2026_UAD_490024_1 13.03.2026 | गौरीशंकर वार्ड में द्दाजीधाम के सामने जितेन्द्र यादव के मकान के पास सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 7.75 लाख | 1-2000.00 2- 7800.00 | 30.03.2026 |
| 9 | 2026_UAD_490025_1 13.03.2026 | कमला नेहरू वार्ड में पुरुसोत्तम साहू के मकान से रोहित तंतुवाय के मकान तक सड़क चौड़ीकरण एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 3.60 लाख | 1-2000.00 2-3700.00 | 30.03.2026 |
| 10 | 2026_UAD_490026_1 13.03.2026 | जबाहर वार्ड में सोमिल खटीक के मकान से अक्षिता दूध दुकान तक सड़क चौड़ीकरण एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 5.29 लाख | 1-2000.00 2- 5300.00 | 30.03.2026 |
| 11 | 2026_UAD_490029_1 13.03.2026 | नवोदय वार्ड में शकील खान के मकान से सलीम मिस्त्री के मकान तक सी.सी. रोड एवं मुख्य रोड से आकिब खान के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 7.56 लाख | 1-2000.00 2- 7600.00 | 30.03.2026 |
| 12 | 2026_UAD_490032_1 13.03.2026 | गौरीशंकर वार्ड में दशरथ बंसल से परम बंसल के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 4.31 लाख | 1-2000.00 2- 4400.00 | 30.03.2026 |
| 13 | 2026_UAD_490034_1 13.03.2026 | रामगोपाल जी वार्ड में मन्नू तिवारी से पप्पू तिवारी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 3.15 लाख | 1-2000.00 2- 3200.00 | 30.03.2026 |
| 14 | 2026_UAD_490036_1 13.03.2026 | गांधी वार्ड स्थित मुक्तिधाम में पहुंचमार्ग निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 3.84 लाख | 1-2000.00 2- 3900.00 | 30.03.2026 |
| 15 | 2026_UAD_490038_1 13.03.2026 | जबाहर वार्ड में राजू मोदी से राजेश साहू तक, राजू मोदी से धनी राम साहू तक एवं राजू मोदी से सुरेश साहू तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 8.46 लाख | 1-2000.00 2- 8500.00 | 30.03.2026 |
| 16 | 2026_UAD_490040_1 13.03.2026 | संजय वार्ड में जैन मंदिर से गुड्डा जड़िया के मकान से होते हुए रोहित अग्रवाल के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 3.46 लाख | 1-2000.00 2- 3500.00 | 30.03.2026 |
| 17 | 2026_UAD_490041_1 13.03.2026 | संजय वार्ड में राजू पटैल के मकान से हुकुमसिंह के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 4.21 लाख | 1-2000.00 2- 4300.00 | 30.03.2026 |
| 18 | 2026_UAD_490042_1 13.03.2026 | चंडी जी वार्ड में एस.डी.एम. बंगले के सामने से रामू चक्रवर्ती के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 8.10 लाख | 1-2000.00 2- 8200.00 | 30.03.2026 |
| 19 | 2026_UAD_490046_1 13.03.2026 | सुभाष वार्ड में राय चौराहा पर सेंटर लॉज के सामने रोड कांस ड्रेन निर्माण, संजय वार्ड में नारायण शंकर फौजदार से दुबे जी के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, हजारी वार्ड में अनिल सोनी के मकान से स्वामी जी के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं नवोदय वार्ड में खद्दू अहिरवार से उजयारी वाई के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 3.75 लाख | 1-2000.00 2- 3800.00 | 30.03.2026 |
| 20 | 2026_UAD_490048_1 13.03.2026 | रामगोपाल जी वार्ड में दिन्नू रैकवार के मकान से बजाज जी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 1.82 लाख | 1-1000.00 2- 3700.00 | 30.03.2026 |
| 21 | 2026_UAD_490050_1 13.03.2026 | रेस्ट हाउस के पास दूधिया नाले पर जल प्रदाय पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य (पाचवां आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 15.95 लाख | 1-2000.00 2- 12000.00 | 30.03.2026 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**हटा जिला दमोह**